इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या 12*

30 नवम्बर, 2015 को उत्तर के लिए

इस्पात का आयात

***12. श्री कोथा प्रभाकर रेड्डी:**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान अर्द्ध रूप से तैयार इस्पात सहित इस्पात के आयात का देश-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का विचार उत्तर और पूर्व के देशों से इस्पात आयात को प्रतिबंधित करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या हाल ही में इस्पात के आयात में वृद्धि हुई है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) सरकार द्वारा घरेलू इस्पात उद्योग को संरक्षण प्रदान करने और देश में इस्पात के अवांछित पाटन को रोकने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

इस्पात और खान मंत्री **(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)**

(क) से (घ): एक विवरण लोक सभा के पटल पर रख दिया गया है।

***

"इस्पात आयात" के बारे में श्री कोथा प्रभाकर रेड्डी, संसद सदस्य द्वारा लोक सभा में दिनांक 30 नवंबर, 2015 के लिए पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या *12 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क): ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

(ख): विशेषत: उत्तरी और पश्चिमी देशों से इस्पात के आयात को प्रतिबंधित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग) और (घ) : इस्पात नियंत्रणमुक्त क्षेत्र होने के कारण सरकार की भूमिका देश में इस्पात उद्योग को बढावा देने के लिए सुविधाप्रदाता तक ही सीमित है। इसलिए विभिन्न श्रेणियों के इस्पात आदि के आयात संबंधी निर्णय संबंधित इस्पात विनिर्माता अथवा अन्य हितधारकों का एक मात्र निर्णय होता है। देश में इस्पात के आयात में वृद्धि/कमी घरेलू बाजार में इस्पात के विभिन्न मदों/ग्रेडों के लिए मांग- आपूर्ति , करेंसी के मूल्य में उतार-चढ़ाव, आयात विनियमों आदि जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर होता है। पिछले तीन वर्षों के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार इस्पात के आयात में 2014-15 और 2015-16 की प्रथम छमाही में काफी वृद्धि हुई है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि देश में केवल गुणवत्ता युक्त इस्पात के आयात की ही अनुमति हो और घरेलू इस्पात उद्योग को कच्चे माल की पर्याप्त आपूर्ति भी सुनिश्चित हो, सरकार ने निम्नलिखित उपाय किए हैं:

(i) यह सुनिश्चित करने के लिए कि केवल गुणवत्ता युक्त इस्पात का ही आयात हो, सरकार ने पीछे 4.12.14 को यथा संशोधित इस्पात और इस्पात उत्पाद (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश दिनांक 12.03.12 अधिसूचित किया है।

(ii) केन्द्रीय बजट 2015-16 ने फ्लैट और नान-फ्लैट दोनों इस्पात उत्पादों पर मूल सीमा शुल्क की उच्चतम दर 10 प्रतिशत के स्तर से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है।

(iii) इनगॉट्स और बिलेट्स, अलॉय स्टील (फ्लैट एवं लांग) स्टेनलैस स्टील (लांग) और नान-अलॉय लांग उत्पाद पर आयात शुल्क 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.5 प्रतिशत किया गया और नान अलॉय तथा अन्य अलॉय फ्लैट उत्पादों पर यह शुल्क 7.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत किया गया । इसे पुन: अगस्त, 2015 में संशोधित करके फ्लैट स्टील पर 10 प्रतिशत से 12.5 प्रतिशत, लांग स्टील पर 7.5 प्रतिशत से 10 प्रतिशत और अर्द्ध फिनिश्ड स्टील पर 7.5 से 10 प्रतिशत किया गया है।

(iv) सरकार ने नवम्बर, 2014 में निर्देश दिया कि रिबार्स के आयात केवल इस्पात उत्पाद गुणवत्ता नियंत्रण आदेश 2012 के अनुसार ही हों ताकि बोरोन युक्त रिबार्स के सस्ते आयातों के अन्तर्प्रवाह को रोका जा सके।

(v) सरकार ने जून, 2015 में स्टेनलैस स्टील के कतिपय किस्मों के हॉट रोल्ड फ्लैट उत्पादों के चीन ($ 309 प्रति टन), कोरिया ($ 180 प्रति टन) और मलेशिया ($ 316 प्रति टन) से आयातों पर 5 वर्षों के लिए एंटी डम्पिंग ड्यूटी लगाई है।

(vi) सितम्बर, 2015 में सरकार ने 200 दिनों की अवधि के लिए 600 एमएम या इससे अधिक की चौड़ाई वाले क्वायलों में नान अलॉय और अन्य अलॉय स्टील के हॉट रोल्ड फ्लैट उत्पादों पर 20 प्रतिशत का अनन्तिम सुरक्षोपाय शुल्क लगाया है।

30.11.2015 को लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 12 के उत्तर का अनुबंध

इस्पात का देशवार आयात - नॉन अलॉय, अलॉय और स्टेनलैस

(मात्रा : हजार टन में)

देश	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16 (अप्रैल- अक्टूबर 2015)
अर्जेंटीना	2.10	0.53	1.74	0.16
ऑस्ट्रेलिया	26.72	6.29	9.87	2.83
बहरीन	12.23	5.04	7.01	2.71
बांग्लादेश	0.29	0.10	0.00	0.26
बेल्जियम	170.30	95.30	130.92	59.55
ब्राजील	234.97	77.17	146.06	102.48
कनाडा	45.80	19.23	9.07	4.79
चिली	0.10	0.06	0.28	0.16
चीन	1688.24	1088.44	3610.47	2050.34
डेनमार्क	10.72	12.74	20.02	8.01
जिबूती	0.41	0.00	0.00	0.62
मिस्र	0.00	0.00	0.00	0
फिनलैंड	12.38	13.81	11.80	7.49
फ्रांस	126.95	36.69	156.38	41.42
जर्मनी	573.81	189.71	155.16	133.11
घाना	0.05	0.04	0.00	0
हांगकांग	3.24	0.65	1.66	2.28
इंडोनेशिया	5.49	2.29	157.49	322.43
ईरान	129.18	127.72	0.00	0
इटली	85.80	25.59	56.19	19.45
जापान	1586.74	1355.68	1601.93	1404.21
जोर्डन	0.00	0.15	0.00	0.19
कजाखस्तान	14.06	8.12	8.93	4.91
कोरिया	1664.32	1320.69	1926.65	1820.27
कुवैत	20.67	26.06	47.22	2.75
लेबनान	0.37	0.18	0.00	0
मैसेडोनिया	0.00	0.00	0.00	0
मलेशिया	48.38	32.83	105.30	57.04
नीदरलैंड	27.49	22.12	44.97	12.46
रोमानिया	10.46	26.21	11.14	1.13
रूस	536.17	147.40	228.54	220.63
सऊदी अरब	42.48	67.80	4.19	0.44
दक्षिण अफ्रीका	69.04	52.98	98.36	82.05
स्पेन	73.65	21.12	29.67	15.74
श्री लंका	0.30	0.22	0.12	0.11
ताइवान	200.06	118.76	190.58	111.78
थाईलैंड	18.60	21.89	15.93	33.92
तुर्की	36.28	14.14	29.09	0.87
यू.के.	80.88	32.59	40.98	26.19
यूएई	149.60	54.72	186.27	109.86
यूक्रेन	422.74	323.17	349.05	175.51
अमेरीका	167.33	103.67	144.19	67.71
अन्य	418.81	252.55	479.53	4441.41
कुल	**8717.21**	**5704.45**	**10016.76**	**7199.15**